दिनांक : 13.12.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रधानमंत्री प्रयागराज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रयागराज महाकुंभ मेले से पहले साढे पांच हजार करोड रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री प्रयागराज पहुॅच गये हैं। उन्होंने वहां अक्षय वट और हनुमान मंदिर में पूजा–अर्चना की। प्रधानमंत्री आज दस नये सड़क ओवर ब्रिज और फलाईओवर, स्थायी घाटों और नदी किनारे सड़कों के निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। महाकुंभ मेला अगले वर्ष 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा।

## संसद हमला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी थी। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में संसद के सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और निरूस्वार्थ सेवा का स्मरण किया। उन्होंने कहा की उनकी सेवा देशवासियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। राष्ट्र इन बहादुर कर्मियों और उनके परिवार का हमेशा कृतज्ञ रहेगा। राष्ट्रपति ने आतंकवाद से मुकाबला करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि देश आतंकी ताकतों के खिलाफ एकजुट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश उनके साहस और समर्पण के लिए कृतज्ञ रहेगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलाला ने संसद हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इस अवसर हम आतंकवाद से लडने के अपने संकल्प को पुनः दोहराते हैं–

## लोकसभा संविधान चर्चा

लोकसभा में आज भारतीय संविधान के 75 वर्ष की शानदार यात्रा पर विशेष चर्चा शुरू हुई। चर्चा शुरू करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को स्पर्श करते हुए राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त्र किया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है।

रक्षामंत्री ने कहा कि 75 वर्ष पहले संविधान सभा ने नव स्वतंत्र भारत के लिए संविधान बनाने की प्रक्रिया संपन्न की थी। विपक्षी कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष रूप से आक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सविधान को विशेष पार्टी के योगदान के रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास किये गए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान किसी एक पार्टी का योगदान नहीं है बल्कि यह भारत के मूल्यों के अनुरूप अतुलनीय और क्रंतिकारी दस्तावेज है।

## रातापानी टाईगर रिजर्व

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज गोल जोड़, कोलार रोड भोपाल में प्रदेश के 8वें टाइगर रिजर्व रातापानी टाइगर रिजर्व का लोकार्पण किया। रायसेन जिले के भोजपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले रातापानी टाईगर रिजर्व के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 8 टाइगर रिजर्व पार्क है। उन्होंने कहा कि रातापानी क्षेत्र में विश्व धरोहर भीमबेठिका भी मौजूद है जो एक गौरव की बात है। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग मंत्री कृष्णा गौर

विधायक सुरेन्द्र पटवा सहित आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अभिनेता रणदीप हुड्डा भी शामिल हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार जीव संरक्षण के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होने प्रदेश में एक वर्ष में हुए विकास और उपलब्धियों के लिए मुख्यमंत्री को बधाई भी दी।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। मौसम केंद्र ने अगले 3 दिन भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। आज भोपाल, जबलपुर सहित 28 जिलों में शीतलहर चलेगी। इस दौरान ऐसी ही ठंड बरकरार रह सकती है। भोपाल में न्यूनतम तापमान लगातार दूसरे दिन 7 डिग्री से नीचे 6 दशमलव 8 डिग्री पर रहा। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शहडोल जिले के कल्याणपुर में 3 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

..........................